prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# Jharkhand Police Exam

## Previous Year Papers

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

Paper-I



QUESTION BOOKLET / प्रश्न पत्र पुस्तिका

**Question Booklet No: 13916**

# 12 A

Roll Number / अनुक्रमांक: ☐☐☐☐☐☐☐

## Instructions / निर्देश

निम्न निर्देश को सावधानीपूर्वक पढ़े:–

1. अपना अनुक्रमांक, प्रश्न पत्र पुस्तिका का क्रमांक एवं कोड को ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर सावधानी पूर्वक लिखें तथा उचित स्थान पर अपना हस्ताक्षर करें। अपने अनुक्रमांक को प्रश्न पुस्तिका पर लिखें। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर अनुक्रमांक, प्रश्न पत्र पुस्तिका का क्रमांक एवं कोड और अभ्यर्थी का हस्ताक्षर नही रहने पर इसका मूल्यांकन नही हो सकेगा और इसे रद्द भी किया जा सकता है।

2. केन्द्राधीक्षक / केन्द्र पर्यवेक्षक / कक्ष वीक्षक द्वारा दिए निर्देश तथा प्रश्न पुस्तिका पर लिखे निर्देश का कड़ाई से पालन करें।

3. नोट्स, पुस्तक, कैलकुलेटर, सेल फोन, स्कैनिंग उपकरणों, पेजर इत्यादि को परीक्षा भवन में लाने की अनुमति नहीं है। कोई अभ्यर्थी इन प्रतिबंधित वस्तुओं का इस्तेमाल करते पाए जाएंगे या जिनके पास से ये चीजें बरामद होंगी, अथवा जो नकल करने या प्रतिरूपण या अन्य अनुचित व्यवहारों में लिप्त पाए जाएंगें, वे अयोग्य करार कर दिए जाएंगे तथा उन पर दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

4. यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की है। इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 120 प्रश्न हैं तथा उनके लिए कुल 120 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं तथा प्रत्येक प्रश्नों का पूर्णांक 3 है। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक मिलेगें और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती की जाएगी।

5. अभ्यर्थी इसकी जाँच कर ले कि प्रश्न पुस्तिका में 120 प्रश्न हैं, जिसके बहु–वैकल्पिक उत्तर हैं। इसमें यदि किसी प्रकार की त्रुटि दिखाई पड़े तो आप तुरंत वीक्षक को सूचित करें ताकि प्रश्न पुस्तिका बदला जा सके।

6. प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार उत्तर हैं जिसमे एक सही है। आपको सही उत्तर को चुनकर ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर निशान लगाना है, प्रश्न पुस्तिका पर नहीं।

7. उपयुक्त गोले को पूरी तरह काला कर दें जिससे उस गोले के अंदर का अक्षर दिखाई न दे। प्रत्येक उत्तर के लिए केवल एक गोले को काला करें। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर गोलों को काला करने का सही/गलत तरीका नीचे के उदाहरण में दिया गया है।

| सही तरीका | गलत तरीका |
|---|---|
| ○ ● ○ ○ | ○ ● ○ ● |
| | ○ ✓ ○ ○ |
| | ○ ⊗ ○ ○ |
| | ○ ○ ◉ ○ |

8. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर बक्से भरने और गोलों को काला करने के लिए काली स्याही के बॉल प्वाइंट कलम का प्रयोग करें। पेंसिल का उपयोग नहीं करें।

9. सीमित समय अवधि को ध्यान में रखते हुए, किसी ऐसे प्रश्न पर अपना समय बर्बाद मत करें जो आपको कठिन लगता है। प्रश्नों को एक – एक करके हल करते जाएँ और कठिन प्रश्नों पर अंत में वापस आएँ। यह एक सुझाव मात्र है।

10. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक को मोड़ना / मरोड़ना या उस पर अवांछित निशान लगाना या क्षतिग्रस्त करना या अधूरा या अपूर्ण भरना मना है। ऐसा करने पर उत्तर पत्रक निरस्त होने की जिम्मेवारी अभ्यर्थी की होगी।

11. कच्चा कार्य के लिए अपने प्रश्न पुस्तिका पर दिए गये जगह का ही इस्तेमाल करें।

12. परीक्षा के बाद ओ0एम0आर0 उत्तर पत्र वीक्षक को सौंप दें। अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्त होने के उपरांत प्रश्न पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।

(अंग्रेजी में निर्देश के लिए कृपया अंतिम पृष्ठ देखें / Please See last page for Instructions in English.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Space for Rough work:



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## सामान्य हिन्दी / General Hindi

प्रश्न 1 से 5 के लिए निर्देश:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

हमारे देश के महान संत स्वामी रामतीर्थ एक बार जापान गए। वे रेल में यात्रा कर रहे थे कि एक दिन ऐसा हुआ कि उन्हें खाने को फ़ल न मिले और उन दिनों फ़ल ही उनका भोजन था। गाड़ी एक स्टेशन पर ठहरी तो वहाँ भी उन्होंने फ़ल की खोज की पर वे पा न सके। उनके मुँह से निकला, "जापान में शायद अच्छे फ़ल नहीं मिलते।"

एक जापानी युवक प्लेट्फ़ार्म पर खड़ा था। वह अपनी पत्नी को रेल में बैठाने आया था। उसनें यह शब्द सुन लिए। सुनते ही वह अपनी बात बींच में ही छोड़ कर भागा और कहीं दूर से एक टोकरी ताज़े फ़ल लाया। वे फ़ल उसनें स्वामी रामतीर्थ को भेंट करते हुए कहा, "लीजिए, आपको ताजे फ़लों की जरूरत थी।" स्वामी जी ने समझा – यह कोई फ़ल बेचने वाला है और उनके दाम पूछे, पर उसने दाम बताने से इंकार कर दिया। बहुत आग्रह करने पर उसने कहा, "आप इनका मूल्य देना ही चाहते हैं तो वह यह है कि आप अपने देश में जाकर किसी से यह न कहिएगा कि जापान में अच्छे फ़ल नहीं मिलते।"

स्वामी जी युवक का यह उत्तर सुनकर मुग्ध हो गए। वे क्या मुग्ध हो गए, उस युवक नें इस कार्य से अपने देश का गौरव जाने कितना बढ़ा दिया। इस घटना की ऊँचाई का अनुमान आप दूसरी घटना सुनकर लगा सकेंगे। एक दूसरे देश का निवासी एक युवक जापान में शिक्षा लेने आया। एक दिन वह सरकारी पुस्तकालय से एक पुस्तक पढ़ने को लाया। इस पुस्तक में कुछ दुर्लभ चित्र थे। वे चित्र उस युवक नें पुस्तक में से निकाल लिए और पुस्तक वापस कर आया। किसी जापानी विद्यार्थी ने वह देख लिया और पुस्तकालय को उसकी सूचना दे दी। पुलिस ने तलाशी लेकर वे चित्र उस विद्यार्थी के कमरे से बरामद किए और उस विद्यार्थी को जापान से निकाल दिया गया। मामला यहीं तक रहता, तो कोई बात न थी। अपराधी को दंड मिलना ही चाहिए, पर मामला यहीं तक नहीं रुका। उस पुस्तकालय के बाहर बोर्ड पर लिख दिया गया कि उस देश का (जिसका वह विद्यार्थी था) कोई विद्यार्थी इस विद्यालय में प्रवेश नहीं कर सकता।मतलब साफ़, एकदम साफ़ कि जहाँ एक युवक नें अपने कार्य से अपने देश का सर गर्व से ऊँचा किया था, वहीं दूसरे युवक ने अपने देश के माथे पर कलंक का ऐसा टीका लगाया, जो जाने कितने वर्षों तक संसार की आँखों में उसे लाँछित करता रहा। मैने जो कुछ जीवन में अध्ययन और अनुभव से सीखा है, वह यही है कि महत्त्व किसी कार्य की विशालता में नहीं है, उस कार्य के करने की भावना में है। बड़े से बड़ा कार्य हीन है, यदि उसके पीछे अच्छी भावना नहीं है और छोटे से छोटा कार्य भी महान है, यदि उसके पीछे अच्छी भावना है।

1. किसी कार्य की महानता किसमें होती है?
   (A) कार्य की विशालता में।
   (B) कार्य करने वाले की भावना में।
   (C) धैर्य से कार्य करने में।
   (D) साफ़-सुथरा कार्य करने में।

2. स्वामी जी क्यों मुग्ध हो गए?
   (A) युवक का अपने देश के प्रति प्यार देखकर।
   (B) जापान की खुशहाली देखकर।
   (C) ताज़ा फ़ल देखकर।
   (D) अपनी भूख मिटाकर।

3. युवक ने फ़लों के दाम क्यों नहीं लिए?
   (A) स्वामी जी का सम्मान करते हुए।
   (B) स्वामी जी फ़लों का दाम कम दे रहे थे।
   (C) वह स्वामीजी का अपमान करना चाहता था।
   (D) उसने फ़ल अपने देश का मान बचाने के लिए दिए थे।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

4. युवक फ़लों की टोकरी क्यों लाय?
(A) स्वामी रामतीर्थ को पहचान कर।
(B) वह फ़ल बेचने वाला था।
(C) अपने देश का मान रखने के लिए।
(D) पैसा कमाने के लिए।

5. कोई भी व्यक्ति अपने देश को सम्मान कैसे दिला सकता है?
(A) दूसरों को छोटा समझकर।
(B) अपने कार्यों से।
(C) अपने देश की शक्ति को सर्वोच्च मान कर।
(D) दूसरे देशों का भ्रमण करके।

प्रश्न 6 से 9 के लिए निर्देश:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

निरंतर महंगाई की मार से आम लोगों का जीवन दुःखमय हो गया है। इस पर नियंत्रण पाने के लिए जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाई जानी चाहिए। उपभोक्ता सामग्री के साधनों की वृद्धि इतनी नहीं हो सकती कि अधिक जनसंख्या की आवश्यकता की पूर्ति हो सके। भूमि का विकास संभव नहीं। खेतों में फसल का उत्पादन भी इतना अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता कि लोगों को भोजन की सामग्री उपलब्ध हो सके। लोगों की आवश्यकता अधिक और उत्पादन कम है। इससे मंहगाई बढ़ रही है। व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार ही बाजार से खरीददारी करनी चाहिए। जमाखोरी से भी मंहगाई बढ़ती है। मुनाफाखोरी भी इसमें योगदान कर रही है। सरकार द्वारा भी उचित दर की दुकानों पर उपलब्ध वितरण सामग्री के वितरण को सुधारा जाना चाहिए। साथ ही वितरण करने वाले दुकानदारों के लिए सख्त नियम बनाने चाहिए जिससे वितरण सामग्री का दुरुपयोग न किया जा सके। वितरण सामग्री यदि सही समय पर सही हाथों में पहुँच जाये तो बहुत से लोगों को अभावपूर्ण जीवन जीने से बचाया जा सकता है साथ ही मंहगाई की मार पर नियंत्रण पाया जा सकता है। पर इस कार्य के लिए सबसे पहले आम लोगों को ही आगे आना होगा। यदि हम यह सोच कर बैठे रहेगें कि कोई दूसरा हमारे लिए इस कार्य को करेगा तो हम सदैव इस बढ़ती हुई मंहगाई की मार को झेलते रहेगें।

6. जनसंख्या वृद्धि को मंहगाई का कारण क्यों बताया है -
(A) भोजन सामग्री की उपलब्धता संभव नहीं।
(B) अधिक जनसंख्या की आवश्यकता की पूर्ति संभव नहीं।
(C) अभावपूर्ण जीवन।
(D) भूमि का विकास संभव नहीं।

7. सरकार द्वारा मंहगाई रोकने की दिशा में क्या करना चाहिए -
(A) उपभोक्ता सामग्री के साधनों की वृद्धि।
(B) जनसंख्या वृद्धि पर रोक।
(C) मंहगाई की मार पर नियंत्रण।
(D) उचित दर की दुकानों पर उपलब्ध वितरण सामग्री के वितरण में सुधार।

8. जमाखोरी और मुनाफाखोरी से मंहगाई क्यों बढ़ती है -
(A) लोगों की आवश्यकता अधिक और उत्पादन कम।
(B) आवश्यकता से अधिक बाजार से खरीददारी।
(C) भोजन की सामग्री उपलब्ध न होना।
(D) उचित दर की दुकानों पर उपलब्ध वितरण सामग्री के वितरण में सुधार न होना।

9. मंहगाई रोकने का प्रमुख उपाय क्या है -
(A) जनसंख्या वृद्धि पर रोक।
(B) उपभोक्ता सामग्री के साधनों की वृद्धि।
(C) भूमि का विकास।
(D) जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

प्रश्न 10 से 14 के लिए निर्देश:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन का जन्म भारत में तिरुचिरापल्ली नामक स्थान में हुआ था। मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में ही उन्होंने स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर ली तथा सरकार के वित्त विभाग में नौकरी करने लगे। बाद में कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति ने उन्हें प्राध्यापक के पद पर नियुक्त किया। वहाँ कार्य करते हुए उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में अनेक रहस्यों का पता लगाया जिससे उनकी ख्याति विदेशों में भी फैल गयी। विदेशी वैज्ञानिक उनके अन्वेषणों तथा व्याख्यानों से अत्यन्त प्रभावित हुए तथा उनका बड़ा सम्मान करने लगे। उन्हें भौतिक शास्त्र में संसार का सर्वोत्तम नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। उनकी प्रतिभा तथा देश सेवा से प्रभावित होकर राष्ट्रपति ने उन्हें "भारत रत्न" की सर्वोच्च उपाधि प्रदान करके सम्मानित किया। न केवल विज्ञान के क्षेत्र में बल्कि संगीत में भी चन्द्रशेखर ने अनेक महत्वपूर्ण अन्वेषण कार्य किये।

चंद्रशेखर वेंकट रमन के समान अन्य अनेक महापुरुषों ने भी महत्वपूर्ण कार्य किये। अब्राहम लिंकन भी उन्हीं मे से एक थे। अब्राहम लिंकन को "आजादी का मसीहा" कहा जाता है। इनका नाम अमरीका में बड़े आदर के साथ लिया जाता है। अमरीका में पहले दास प्रथा थी तथा नीग्रो लोगों का जीवन बड़ा दुखद था। अब्राहम लिंकन को यह बहुत बुरा लगता था। उन्होंने दास प्रथा का विरोध किया और उनके प्रयासों से दास प्रथा समाप्त हो गई। अब्राहम की ताकत का लोहा सब मानते थे। अब्राहम लिंकन कर्मनिष्ठ व्यक्ति थे। अपनी इसी कर्मनिष्ठता, परिश्रम और लगन के कारण वे अपने देश के राष्ट्रपति चुने गये। आइजक न्यूटन का नाम तो आप सभी ने सुना होगा जिन्होंने सर्वप्रथम इस बात का पता लगाया कि पृथ्वी प्रत्येक चीज को अपनी ओर क्यों खींचती है ? आज का विज्ञान उन्हीं की खोजों पर खड़ा है। उन्होंने गणित की कई शाखाएं निकालीं, विज्ञान की पेंचीदा बातों को स्पष्ट किया और उनको गणित से सिद्ध किया। आइजक न्यूटन का नाम विज्ञान जगत में सदैव अमर रहेगा।

10. विदेशी वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन से क्यों प्रभावित हुए-
(A) प्राध्यापक के पद पर नियुक्त होने के कारण।
(B) सर्वोत्तम नोबेल पुरस्कार प्रदान किये जाने के कारण।
(C) उनकी प्रतिभा तथा देश सेवा के कारण।
(D) उनके अन्वेषणों तथा व्याख्यानों के कारण।

11. आइजक न्यूटन का नाम विज्ञान जगत में सदैव क्यों अमर रहेगा -
(A) विज्ञान के आविष्कार के कारण।
(B) विज्ञान को स्पष्ट करने के कारण।
(C) इस बात का पता लगाया कि पृथ्वी प्रत्येक चीज को अपनी ओर क्यों खींचती है।
(D) दास प्रथा के कारन

12. अमरीका के राष्ट्रपति की ताकत का लोहा सब क्यों मानते थे -
(A) दास प्रथा समाप्त कर नीग्रो लोगों का जीवन सुखद करने के कारण।
(B) "आजादी का मसीहा" होने के कारण।
(C) कर्मनिष्ठता, परिश्रम और लगन के कारण।
(D) उनके अन्वेषणों तथा व्याख्यानों के कारण।

13. किसने दास प्रथा का विरोध कर उसे समाप्त किया -
(A) महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन ने।
(B) "आजादी का मसीहा" अब्राहम लिंकन ने।
(C) आइजक न्यूटन ने।
(D) कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति ने।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

14. आइजक न्यूटन ने किस बात का पता लगाया -

(A) विज्ञान की खोजों का

(B) विज्ञान की पेंचीदा बातों को

(C) पृथ्वी प्रत्येक चीज को अपनी ओर क्यों खींचती है।

(D) नीग्रो लोगों का जीवन बड़ा दुखद था।

प्रश्न 15 से 19 के लिए निर्देश:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

मनुष्य चेतना सम्पन्न प्राणी है । वह अपने चारों ओर सृष्टि का अनुभव करता है । वह उसे देखता है , सुनता है ,अनुभव करता है और अभिव्यक्त भी करता है । अभिव्यक्ति की विभिन्न विधियों को ही कला की संज्ञा दी गई है । मनुष्य केवल कलाकार ही नहीं दार्शनिक भी है , क्योंकि वह एक कलाकार की भाँति वस्तुओं का चित्रांकन कर सकता है तो साथ ही एक दार्शनिक की भाँति तर्क–वितर्क द्वारा उसका विवेचन ( मीमांसा ) भी करने में समर्थ है । कला का संबंध केवल नियमों से ही नहीं है । बाहरी जगत की भिन्न–भिन्न वस्तुओं का जैसा प्रतिबिंब मानस पर पड़ता है , उससे कला का सीधा संबंध है । कला को सुविधा के लिए दो वर्गों में विभक्त किया जा सकता है – ललित कला , उपयोगी कला । उपयोगी कला में बढ़ई, लुहार , सुनार , कुम्हार , जुलाहे आदि के व्यवसाय सम्मिलित हैं । ललित कला के अंतर्गत वास्तुकला , मूर्तिकला , चित्रकला , संगीतकला तथा काव्य –कला हैं । उपयोगी कलाओं के द्वारा अधिकतर मनुष्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है तथा ललित कलाओं के द्वारा उसके अलौकिक आनंद की सिद्धि होती है । दोनों में एक प्रमुख अंतर यही है कि उपयोगी कलाओं का संबंध मनुष्य की शारीरिक तथा आर्थिक उन्नति से है । जबकि ललित कलाओं का संबंध मनुष्य के मानसिक विकास से है । जिस कला में मूर्त आधार जितना ही कम रहता है , वह उतनी ही उच्च–कोटि की समझी जाती है । इसी भाव के अनुसार काव्य–कला को सबसे ऊँचा स्थान दिया जाता है, क्योंकि उसमें मूर्त आधार का एक प्रकार से पूर्ण अभाव रहता है और इसी के अनुसार काव्य–कला को सबसे ऊँचा स्थान दिया जाता है , क्योंकि उसमें मूर्त आधार का एक प्रकार से पूर्ण अभाव रहता है और इसी के अनुसार वास्तुकला को सबसे नीचा स्थान देते हैं क्योंकि मूर्त आधार की अधिकता के बिना उसका अस्तित्व ही संभव नहीं । मूर्तिकला तथा चित्रकला इसके अनंतर स्थान प्राप्त करते हैं । तात्पर्य यह है कि ज्यों–त्यों हम ललित कलाओं में उत्तरोत्तर उत्तमता की ओर बढ़ते हैं , त्यों–त्यों मूर्त आधार का परित्याग होता है , इसी दृष्टि से काव्य–कला को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है । भारतीय काव्य–कला में अर्थ की रमणीयता को प्रधान गुण व नाद की रमणीयता को उसका गौण गुण माना गया है ।

कुछ पाश्चात्य विद्वानों नें मनुष्य की मानसिक क्रिया को तीन भागों में विभक्त किया है –ज्ञान , भावना और इच्छा । संस्कृत साहित्य में ज्ञान , इच्छा और प्रयत्न बुद्धि व्यापार की तीन प्रक्रियाएँ मानी गई हैं । संस्कृत के पंडितों ने भावना शक्ति को नहीं माना है। मनोविज्ञान के अनुसार ये शक्तियाँ एक–दूसरे से अविच्छिन्न रूप में मिली हुई हैं और अलग नहीं की जा सकती । पाश्चात्य विद्वानों का मतभेद है कि प्रारंभ में मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ या भावना शक्ति का । कला का संबंध मनुष्य की भावना से है , इच्छा से नहीं । कला के मूल में यद्यपि भावना का ही अस्तित्व स्वीकार किया जा सकता है , पर सभ्यता के विकास के साथ ज्यों–ज्यों मनुष्य की परिस्थितियाँ जटिल होती गईं और उसमें समाज के हित–अहित का ध्यान बढ़ता गया , त्यों–त्यों उसकी इच्छा शक्ति दृढ़ होती गई और समय पाकर वह उसके मानसिक संघटन का अभिन्न अंग बन गई । कालांतर में मनुष्य की इच्छा शक्ति उसकी भावनाओं पर नियंत्रण करने लगी और अब तो मनुष्य का ज्ञान और उसकी इच्छाएँ उसकी संपूर्ण भावनाओं से सर्वथा मिली दिखाई पड़ती है–



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click

Know More

15. मानव अपने भावों की अभिव्यक्ति क्यों करता है?
(A) बातचीत करने के लिए।
(B) मानसिक संतुष्टि के लिए।
(C) दूसरों के संपर्क में आने के लिए।
(D) अपने विचारों से दूसरों को अवगत कराने के लिए।

16. कला का जन्म कैसे होता है?
(A) जब कोई कुछ सृजनात्मक कार्य करने का निश्चय कर लेता है।
(B) जब कोई विचार मन की गहराई में उतर जाता है।
(C) जब लोगों की आवश्यकता होती है।
(D) जब कोई समाज में प्रतिष्ठित होना चाहता है।

17. कला और कलाकार का आपस में क्या संबंध है?
(A) कला कलाकार के मन को मोह लेती है।
(B) उसे आर्थिक लाभ दिलाती है।
(C) मन के भावों को सृजनात्मकता प्रदान करती है।
(D) कलाकार अपनी कला से दूसरों को प्रभावित करता है।

18. ललित कलाओं से मानव मन कैसे प्रभावित होता है?
(A) मन में नए विचार पनपने लगते हैं।
(B) मन पवित्र हो जाता है।
(C) मानसिक शक्ति का संचार होता है।
(D) असीम आनन्द की प्राप्ति होती है।

19. उपयोगी कलाओं से अलौकिक आनन्द की प्राप्ति क्यों नहीं हो सकती?
(A) यह केवल शारीरिक कार्य है।
(B) इसमें दूसरों के विचारों की प्रधानता होती है।
(C) उसमें भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं होती।
(D) यह आकर्षण का साधन मात्र होती हैं।

प्रश्न 20 से 24 के लिए निर्देश:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

आत्म साक्षात्कार का मुख्य साधन योगाभ्यास है। एकाग्रता ही आत्म-साक्षात्कार की पूंजी है। एकाग्रता का उपाय है कि छात्र में मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा का भाव जागृत किया जाए। दूसरे के सुख को देखकर सुखी होना – मैत्री दुख को देखकर दुखी होना –करुणा है। किसी को अच्छा काम करते देखकर प्रसन्न होना उसका प्रोत्साहन करना मुदिता और दुष्कर्म का विरोध करते हुए अनिष्टकारी से शत्रुता न करना –उपेक्षा है। जब कभी मनुष्य से थोड़ी देर के लिए सच्ची सेवा बन पड़ती है तो उसे बड़ा आनन्द मिलता है। भूखे को अन्न देते समय, जलते या डूबते को बचाते समय, रोगी की सेवा करते समय कुछ देर के लिए उनके साथ तन्मयता हो जाती है। सेवा करने में भाव यह न होना चाहिए कि इसका उपकार कर रहा हूँ वर्ना यह कि इसकी बड़ी कृपा है जो मेरी तुच्छ सेवा स्वीकार कर रहा है।

अध्यापक का कर्त्तव्य है कि छात्र में सौंदर्य के प्रति प्रेम उत्पन्न करे तथा छात्र के चरित्र का इस प्रकार विकास करे कि वह 'मैं', 'तू' के ऊपर उठ सके। इसलिए प्राचीन आचार्यों ने धर्म की दीक्षा दी थी। आज भी अध्यापकों को अपने शिष्यों में धर्म की प्रवृत्ति उत्पन्न करनी चाहिए। धर्म का तात्पर्य पूजा-पाठ नहीं है। धर्म उन सब बातों का सम्मिलित रूप है जो कल्याणकारी है। अपना कल्याण समाज के कल्याण से पृथक नहीं हो सकता। मनुष्य के बहुत से ऐसे गुण हैं जिनका विकास समाज में रहकर ही होता है। इसलिए समाज को ध्यान में रखकर ही धर्म का आदेश होता है। आज सब अपने-अपने अधिकारों के लिए लड़ते हैं। यदि धर्म बुद्धि जगाई जाए और सब अपने-अपने कर्त्तव्यों में तत्पर हो जाएँ तो विवाद की जड़ ही कट जाए और सबको उचित अधिकार स्वतः प्राप्त हो जाएँ। लोग हमारे साथ कैसा व्यवहार करते हैं – इसकी ओर कम और हम खुद औरों के साथ कैसा आचरण करें –इसकी ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। परन्तु इस प्रकार की बुद्धि की जड़ तभी दृढ़ हो सकती है जब चित्त में सत्य के लिए प्रेम हो। अध्यापक को इस प्रकार के वातावरण का निर्माण



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

करना है । अच्छे आचार्य से पढ़ा हुआ विद्यार्थी सत्य का प्रेमी और खोजी होगा । उसमें नम्रता तथा प्राणी मात्र के लिए सौहार्द होगा । वह संयमी और परिश्रमी होगा तथा साथ ही अन्याय, अत्याचार और कदाचार का विरोधी होगा । इसका तात्पर्य यह नहीं कि सब सन्यासी होंगे । गृहस्थ पर धर्म का भार सन्यास से कम नहीं होता । व्यापार , शासन तथा कुटंब क्षेत्रों में भी धर्म का प्रमुख स्थान है । यह भी दावा नहीं किया जा सकता कि कोई दुराचारी होगा ही नहीं । अध्यापक और समाज प्रयत्न मात्र कर सकते है। यदि समाज में अमीर–गरीब , ऊँच–नीच की विषमता , शोषण आदि का बोलबाला हो , तो ऐसी दशा में अध्यापक को दोष देना अन्याय है । फ़िर भी अध्यापक परिस्थितियों को दोष देकर बैठा नहीं रह सकता । उसको तो अपना कर्त्तव्य पालन करना ही है, सफ़लता कम हो या अधिक । साधारणत: शिक्षक योगी नहीं होता, पर उसका मान वही होना चाहिए जो किसी योगी का अपने शिष्य के प्रति होता है । अनेक शरीरों में भ्रमण करते हुए आज इसनें मनुष्य का शरीर पाया है और मेरे पास छात्र के रूप में आया है । यदि मैं इसे ठीक मार्ग पर लगा सका, इसके चरित्र का यथोचित विकास कर सका , तो इसका भी कल्याण होगा और समाज का भी भला होगा ॥ इस भावना से जो अध्यापक प्रेरित होगा , वह अपने शिष्य के कामों को उसी दृष्टि से देखेगा जिससे बड़ा भाई अपने घुटनों के बल चलने वाले छोटे भाई की चेष्टाओ को देखता है। उसकी भूलों को तो ठीक करना ही होगा, मगर सहानुभूति और प्रेम के साथ । यह आदर्श बहुत ऊँचा है, पर अध्यापक का पद भी कम ऊँचा नहीं है । जो केवल वेतन की मात्रा के अनुसार ही काम करना चाहता है, उसके लिए इसमें जगह नहीं है । अध्यापक का जो कर्त्तव्य है, उसका मूल्य रुपयों में नहीं आँका जा सकता ।

20. कोई भी धर्म कल्याणकारी कैसे होता है?

(A) धर्म को मानने वाला दूसरों के लिए कल्याणकारी होता है ।

(B) कोई भी धर्म बुरा कर्म करने की अनुमति नहीं देता ।

(C) धर्म मुक्ति का साधन है ।

(D) धर्म अपने समुदाय से जोड़ता है ।

21. आधुनिक समाज में धर्म को कैसे बचाया जा सकता है?

(A) धर्म के निर्धारित नियमों का पालन करके ।

(B) किसी धर्म को अपनाकर।

(C) सुसंस्कारों तथा सुशिक्षा के द्वारा।

(D) धर्म गुरु की शरण में जाकर ।

22. दूसरों के साथ तन्मयता होने से क्या होता है?

(A) हम सामाजिक कहलाते हैं ।

(B) दूसरे हमारे मित्र बन जाते हैं ।

(C) हम दूसरों से संबंध बना लेते हैं ।

(D) हम दूसरों का दर्द अपना समझने लगते हैं ।

23. सच्ची सेवा क्या होती है?

(A) जब हम नि:स्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करते हैं ।

(B) जब हम अपने बड़ों की सेवा करते हैं ।

(C) जब हम अपने गुरु / अध्यापक को सम्मान देते हैं ।

(D) जब हम पूजा करते हैं ।

24. हमें योगाभ्यास की आवश्यकता क्यों है?

(A) स्वयं को समझने के लिए ।

(B) दूसरों को समझाने के लिए ।

(C) दूसरों को समझने के लिए ।

(D) स्वयं को समझाने के लिए ।

प्रश्न 25 से 30 के लिए निर्देश:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

यह सृष्टि निरन्तर चलती रहने हेतु स्रष्टा ने सभी जीवधारियों में नर और मादा बनाए और तदनुरूप शरीर गठन किया। दोनों के परस्पर सहयोग से ही जीवन की गाड़ी सरलता और सुगमता से चलती रहती है। दोनों ही जीवन की गाड़ी के दो समान ऊँचाई के पहिए हैं - कोई कम कोई ज्यादा नहीं। दोनों के ही कर्तव्य, अधिकार, कार्यक्षेत्र सुनिश्चित हैं और वैसे ही स्वभाव प्रदत्त किए हैं स्रष्टा ने। नारी कोमल, दयालु,



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

संकोची, सेविका, पुत्री है तो पुरुष कठोर, अधिक परिश्रमी है। भारतीय दर्शन, संस्कृति, परम्पराओं में नारी का पुरुषों से भी ऊँचा स्थान दिया गया है। "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता ", नारी देवी है, वह माँ भी है, बहिन भी है और पुत्री भी। पर स्त्री को माता कहा गया है -"मातृवत् परदारेषु" इतने उच्च स्थान पर भारतीय दर्शन में नारी का बखान किया गया है जबकि पाश्चात्य देशों में मात्र उसे उपयोग की वस्तु अथवा सुविधा की साझीदारी।

मध्य काल तक आते - आते नारी का स्थान पुरुषों की स्वार्थपरता, काम - लोलुपता आदि के कारण न केवल गिर गया बल्कि उसके अधिकारों पर कुठाराघात होने लगा, कार्यक्षेत्र सीमित हो गया, नारी को गंदे कपड़े की तरह बरता जाने लगा। साहित्यकार भी नारी को दोषों की खान के रुप में देखने लगे थे। विदेशियों की काम - लोलुप निगाहों से बचने के लिए पर्दा प्रथा प्रारम्भ हुई, नारी घर की चारदीवारी में कैद हो गई, शिक्षा के प्रति भी नारी को निरुत्साहित किया गया। आधुनिक काल तक आते - आते नारी जागरण, नारी स्वातंत्रय का बिगुल बज उठा। स्वामी दयानन्द के आर्य समाज ने नारी शिक्षा का मंत्र फूंका, राजा राममोहन राय ने सती प्रथा रुकवायी, महात्मा गाँधी ने नारी उत्थान का नारा दिया। सरकार ने भी संविधान द्वारा नारी को शिक्षा प्राप्त करने, नौकरी करने आदि के समान अधिकार और अवसर प्रदान किये हैं।

25. भारतीय दर्शन, संस्कृति, परम्पराओं में नारी को कैसा स्थान दिया गया है?

(A) कोमल, दयालु, संकोची, सेविका

(B) नारी को पुरुषों से भी ऊँचा स्थान दिया गया है

(C) उसके अधिकारों पर कुठाराघात होने लगा, कार्यक्षेत्र सीमित हो गया

(D) उपयोग की वस्तु अथवा सुविधा की साझीदारी।

26. आधुनिक काल में नारी की स्थिति कैसी थी?

(A) कोमल, दयालु, संकोची, सेविका

(B) नारी स्वातंत्रय का बिगुल बज उठा

(C) उसके अधिकारों पर कुठाराघात होने लगा, कार्यक्षेत्र सीमित हो गया

(D) उपयोग की वस्तु अथवा सुविधा की साझीदारी।

27. नारी को कैसे स्वभाव प्रदत्त किए हैं स्रष्टा ने -

(A) कोमल, दयालु, संकोची, सेविका

(B) काम – लोलुप

(C) स्वार्थपरता

(D) कठोर, अधिक परिश्रमी

28. स्वामी दयानन्द ने क्या किया?

(A) नारी स्वातंत्रय का बिगुल फूंका

(B) सती प्रथा रुकवायी

(C) पर्दा प्रथा रुकवायी

(D) नारी शिक्षा का मंत्र फूंका

29. जीवन की गाड़ी सरलता और सुगमता से कैसे चलती रहती है -

(A) शिक्षा प्राप्त करने

(B) नौकरी करने

(C) नारी जागरण

(D) नर और मादा दोनों के परस्पर सहयोग से

30. मध्य काल में नारी की स्थिति कैसी थी?

(A) कोमल, दयालु, संकोची, सेविका

(B) नारी स्वातंत्रय का बिगुल बज उठा

(C) उसके अधिकारों पर कुठाराघात होने लगा, कार्यक्षेत्र सीमित हो गया

(D) कठोर, अधिक परिश्रमी

31. नि: + धन की संधि है -

(A) निधन

(B) निर्धन

(C) नीधन

(D) निहधन



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

32. निम्न में से कौन सा शब्द 'उजाला' का पर्यायवाची नहीं है?
(A) तिमिर
(B) आलोक
(C) द्युति
(D) प्रभा

33. निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया है -
(A) भँवरा फ़ूलों का रस पीता है।
(B) लड़की भागती है।
(C) हाथी बैठा है।
(D) रेलगाड़ी चलती है।

34. 'आजीवन' का समास विग्रह है -
(A) जीवन भर
(B) आ+ जीवन
(C) जीवन-भर
(D) आ-जीवन

35. 'जो मेहनत करता है वह फ़ल पाता है' में वाक्य रूप है -
(A) साधारण वाक्य
(B) मिश्रित वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) क्रिया-विशेषण

36. 'बिल्ली' का पुल्लिंग है -
(A) बिलाव
(B) बिल्ला
(C) बिला
(D) बिल्लु

37. 'श्रवण' शब्द में -
(A) 'श्रव' शब्द तथा 'अण' शब्द है।
(B) 'श्रव' उपसर्ग तथा 'अण' शब्द है।
(C) 'श्रु' उपसर्ग तथा 'अन' शब्द है।
(D) 'श्रु' शब्द तथा 'अन' प्रत्यय है।

38. 'आजकल वह मुझसे छिपता फ़िरता है।' रेखांकित की जगह एक मुहावरा लिखें -
(A) लुका-छिपी खेलना
(B) आँख चुराना
(C) आँखें बचाना
(D) नौ-दो ग्यारह होना

39. 'प्रख्यात' शब्द का पर्यायवाची है -
(A) उपलब्ध
(B) प्रसिद्ध
(C) बदनाम
(D) ज्ञानवान

40. 'संस्कृत' शब्द का विशेषण है -
(A) संस्कृति
(B) सांस्कृतिक
(C) संस्कृतिक
(D) सांस्कृति

41. निजवाचक सर्वनाम का उदाहरण है-
(A) जैसा करोगे वैसा भरोगे।
(B) वे सब खेल रहे हैं।
(C) दूध में कुछ पड़ा हुआ है।
(D) मैं अपना काम कर रहा हूँ।

42. साखी, सब्द, रमैणी काव्य-ग्रन्थों के लेखक हैं -
(A) तुलसी दास
(B) कबीर दास
(C) रहीम दास
(D) सूरदास

43. 'गायक नें अच्छा गाना गाया' का बहुवचन रूप है-
(A) गायिका नें अच्छा गाना गाया।
(B) गायकों ने अच्छा गाना गाया।
(C) गायक नें अच्छे गाने गाए।
(D) गायकों नें अच्छे गाने गाए।



होगा तथा साथ ही अन्याय, अत्याचार और कदाचार का विरोधी होगा। इसका तात्पर्य यह नहीं कि सब सन्यासी होंगे। गृहस्थ पर धर्म का भार सन्यास से कम नहीं होता। व्यापार, शासन तथा कुटंब क्षेत्रों में

(B) किसी धर्म को अपनाकर।
(C) सुसंस्कारों तथा सुशिक्षा के द्वारा।
(D) धर्म गुरु की शरण में जाकर।

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

44. 'उज्ज्वल' का तद्भव रूप है -
(A) उजाला
(B) उज्ज्वलित
(C) उजला
(D) उज्जवल

45. 'मैं सुकुमारि नाथ बन जोगू' कौनसा अलंकार का उदाहरण है?
(A) अतिशयोक्ति अलंकार
(B) प्रतीप अलंकार
(C) वक्रोक्ति अलंकार
(D) उत्प्रेक्षा अलंकार

46. इनमें से तत्सम शब्द है -
(A) अचंभा
(B) गाँव
(C) कुम्हार
(D) कोकिल

47. 'राष्ट्रीयता' में प्रत्यय है -
(A) इय+ता
(B) ईय+ता
(C) इयता
(D) ई+यता

48. 'चतुष्पाद' का विच्छेद करें -
(A) चतु:+पाद
(B) चतु+शपाद
(C) चतुश + पाद
(D) चतुष+पाद

49. 'चातुर्य' भाववाचक संज्ञा का मूल शब्द है -
(A) चतुराई
(B) चतुरता
(C) चातुर
(D) चतुर

50. मैं दूध पीकर सो गया का संयुक्त वाक्य है -
(A) मैं दूध पीते ही सो गया।
(B) मैंने दूध पिया, फ़िर जाकर सो गया।
(C) मैंने दूध पिया और सो गया।
(D) दूध पीकर मैं सो गया।

51. 'बच्चों से दौड़ा नहीं जाता।' वाच्य का रूप है -
(A) कर्मणि प्रयोग
(B) कर्मवाच्य
(C) कर्तृवाच्य
(D) भाववाच्य

52. '<u>कबूतर</u> डाल पर बैठे हैं' में रेखांकित शब्द का संज्ञा रूप है -
(A) जातिवाचक संज्ञा
(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(C) भाववाचक संज्ञा
(D) समुदायवाचक संज्ञा

53. 'देह' शब्द का लिंग रूप है -
(A) स्त्रीलिंग
(B) पुल्लिंग
(C) नपुंसक लिंग
(D) विकल्पों में से कोई नहीं

54. 'चंद्र जैसा मुख' का समस्त पद है -
(A) चंद्र के समान मुख
(B) चंद्र के जैसा मुख
(C) चंद्रमुख
(D) चंद्र सा मुख

55. 'चारु चंद्र की चंचल किरणें' में अलंकार है -
(A) रूपक अलंकार
(B) अनुप्रास अलंकार
(C) उत्प्रेक्षा अलंकार
(D) अतिशयोक्ति अलंकार



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

56. 'पाप-पुण्य' समास का रूप है -

(A) द्विगु समास

(B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) द्वंद्व समास

57. 'कोई आदमी आ रहा है' में 'कोई' शब्द में विशेषण का भेद है -

(A) गुणवाचक विशेषण

(B) परिमाणवाचक विशेषण

(C) सार्वनामिक विशेषण

(D) संख्यावाचक विशेषण

58. 'हथियाना' शब्द में क्रिया-भेद है -

(A) प्रेरणार्थक क्रिया

(B) संयुक्त क्रिया

(C) सामान्य क्रिया

(D) नामधातु क्रिया

59. निम्न में से कौन सा शब्द 'अ' उपसर्ग से नहीं बना है?

(A) अहिंसा

(B) अधर्म

(C) अनजान

(D) अज्ञान

60. श्यामा उपन्यास लिखती है। वाक्य का कर्मवाच्य है -

